स्थापित 1979........................संस्थापक: स्व0नरेन्द्र उनियाल

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

वर्ष-45, अंक 188 कोटद्वार रविवार 5 नवम्बर 2023 मूल्य: रु 2.00 डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## डेस्टिनेशन उत्तराखंड का नया आकर्षण केंद्र बनती टिहरी झील : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : उत्तराखंड के पर्यटन मानचित्र में टिहरी झील सबसे तेजी से उभरता हुआ नया स्थल है। एडवेंचर टूरिज्म के शौकीनों के लिए यह स्थान हॉट फेवरेट साबित हो रहा है। यही वजह है कि डेस्टिनेशन उत्तराखंड के अंतर्गत राज्य की धामी सरकार द्वारा यहां नियमित रूप से विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब टिहरी झील में 24 से 28 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय टिहरी एक्रो फेस्टिवल 2023 का आयोजन होने जा रहा है।

### 24 नवंबर से शुरू होगा टिहरी अंतरराष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में साहसिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। डेस्टिनेशन उत्तराखंड को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए राज्य सरकार पूरी तन्मयता के साथ कार्य कर रही है। कहा कि उत्तराखंड को साहसिक पर्यटन के खेलों के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा नित नए आयोजन किये जा रहे हैं। टिहरी झील में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल इस दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा।

राज्य टिहरी झील में पहली बार अंतरराष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल 2023 की मेजबानी करने जा रहा है। टिहरी एक्रो फेस्टिवल 24 नवंबर को शुरू होगा और 28 नवंबर को समाप्त होगा। इस रोमांचकारी इवेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 35 अंतर्राष्ट्रीय पायलट और 100 भारतीय पायलट भाग लेंगे। इस आयोजन में एक्रो फ्लाइंग, सिंक्रो फ्लाइंग, विंग सूट फ्लाइंग, डी-बैगिंग जैसे कई साहसिक कार्य देखने को मिलेंगे। टिहरी के जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि टिहरी झील में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन के दौरान यूफोरिया, पांडवास जैसे नामी बैंड भी शाम के समय अपनी प्रस्तुति देंगे।

## गंगोत्री नेशनल पार्क में लगी आग, वन संपदा जली

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। जिससे खेलू के पेड़ सहित भोज पत्र एवं अन्य बेस कीमती वन्य संपदा जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना के बाद गंगोत्री नेशनल पार्क की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हैं। वन कर्मियों का कहना है कि आग पर काबू पा लिया गया है। कुछ पेड़ों के मुंडों पर आग लगी है, जिसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी तरफ, आग कैसे लगी इसको लेकर वन विभाग भी हैरान है। गंगोत्री क्षेत्र में सामान्य तौर पर मौसम ठंडा रहता है। शनिवार सुबह को भी वहां अधिकतम तापमान 10 और न्यूनतम एक डिग्री सेल्सियस था। इसी बीच गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के देवगाढ के जंगल में आग भड़क उठी। कनखू वेरियर से करीब तीन किमी. की दूरी पर स्थित देवगाढ में धुंए के गुबार उठे तो इसका पता चला। जिसे देख कनखू वेरियर में तैनात वन कर्मियों की नौ सदस्य टीम मौके के लिए रवाना हुई। वन कर्मी मौके पर पहुंचते और आग पर नियंत्रण पाते इससे पूर्व आग विकराल हो चुकी थी। जिससे वन क्षेत्र में स्थित खेलू के दर्जनों पेड़, भोझ पत्र, देवदार सहित अन्य लाखों की वन्य संपदा जलकर राख हो गई। आग को बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे वन कर्मी राजवीर रावत ने बताया कि दोपहर तक नीचले स्तर की आग को बुझा दिया गया है। अब आग केवल टॉप पर है, जहां पहुंचना संभव नहीं है। कहा कि कुछ पेड़ो के मुंडो पर भी आग लगी है। जिसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। इधर गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल के मुताबिक गंगोत्री पार्क क्षेत्र में यह पहली घटना है पहली घटना है।आग पर काबू पा लिया गया है।

## अब भगवान को खुश करने के लिए धार्मिक स्थानों पर नहीं फोड़े जाएंगे पटाखे, हाईकोर्ट ने जारी किए निर्देश

**कोच्चि ,एजेंसी** । केरल हाईकोर्ट ने अधिकारियों से छापेमारी करने और सभी धार्मिक स्थानों पर रखे पटाखों को जब्त करने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा,मैं कोचीन और अन्य जिलों के पुलिस आयुक्त की सहायता से डिप्टी कलेक्टर को सभी धार्मिक स्थानों पर छापेमारी करने और सभी धार्मिक स्थानों में अवैध रूप से संग्रहीत पटाखों को कब्जे में लेने का निर्देश जारी करता हूं। अब से धार्मिक स्थानों पर कोई पटाखे नहीं फोड़े जाएंगे।

## गरीबों को अगले पांच साल तक मिलता रहेगा फ्री में राशन: पीएम

**दुर्ग(छत्तीसगढ़), एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन योजना को अगले पांच वर्ष के लिए बढ़ाने का ऐलान करते हुए कहा कि गरीब कल्याण उनकी सबसे पहली प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा में यह घोषणा करते हुए कहा कि 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने की यह योजना दिसम्बर माह में समाप्त हो रही थी लेकिन अब यह पांच साल बढ़ाई जाएगी। यह केवल चुनावी घोषणा नहीं बल्कि यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत रोजी रोटी कमाने घरों से दूर जाने वालों को भी वन नेशन वन राशन कार्ड के जरिए देशभर में खाद्यान्न लेने की सुविधा मिलेगी।



उन्होंने जाति जनगणना को लेकर कांग्रेस का नाम लिए बगैर उस पर निशाना साधते हुए कहा कि सबसे बड़ी जाति गरीब की है जिसके लिए उनकी सरकार ने तमाम योजनाओं शुरू की है। उन्हे डर लग गया है कि गरीब अगर इकठ्ठा हो गए और उनकी तातक बन गई तो उनका क्या होगा। दुकान चलाने के लिए नया नया खेल खेला जा रहा है। गरीब को बांटने और उसे आपस में लड़ने का खेल शुरू हो रहा है। गरीब की एकता तोड़ने के लिए नए नए षडयंत्र हो रहे है।जातिवाद का जहर घोला जा रहा है। उन्होने लोगो से इस साजिश को एकजुट होकर विफल करने को कहा।

ओबीसी वर्ग का बड़ा हितैषी बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। मेडिकल कालेजों में ओबीसी आरक्षण दिया,सबसे अधिक ओबीसी मंत्री उनकी सरकार में है,फिर भी एक ओबीसी प्रधानमंत्री को कांग्रेस के लोग दिन भर पानी पी पी कर गाली देते है। जाति से नफरत है तो इसके लिए पूरे ओबीसी समाज को क्यों गाली देते है।ओबीसी को गाली देना बन्द करना चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उनकी ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस के एक नेता ने छत्तीसगढ के साहू समाज को चोर बता दिया।अदालत ने उन्हे सजा भी सुना दी। सुप्रीम कोर्ट से जेल जाने में थोड़ा मोहलत दे दी है। उन्होने छत्तीसगढ़ का उल्लेख करते हुए कहा कि ईश्वर साहू के बेटे का आखिर क्या गुनाह था।

पीएम मोदी ने ईडी की रायपुर में छापे की कार्रवाई और नगदी की बरामदगी का जिक्र करते हुए कहा कि लोग कह रहे है कि पैसा सट्टेबाजों का है। मीडिया में आ रहा है कि यह उन तक जा रहा हैं। फिर भीड़ से पूछा किन तक तो जवाब आया भूपेश बघेल। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि दुबई में बैठे सट्टेबाजों से उनके क्या सम्बन्ध हैं।उन्होने कहा कि इसके बाद से मुख्यमंत्री बौखलाए हुए है,उनके लोग संदेश भेज रहे है कि भाजपा के लोगो से पैसे की बरामदगी करवा दी जायेंगी।धमकी दे रहे है,किसको डरा रहे है। जनता सब कुछ जानती है। उन्होने कहा कि मोदी को तो कांग्रेसी दिनभर गाली देते है,भूपेश बघेल तो केन्द्रीय एजेन्सियों और सुरक्षा बलों को भी गालियां दे रहे है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों से हिसाब करने जनता ने मोदी को दिल्ली में बैठाया है,जिसने गरीब को लूटा है उस पर कार्रवाई होकर रहेंगी। उन्होंने कहा कि महादेव एप और पीएससी घोटाले की भी जांच होगी।छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर आयोग बनाकर ऐसे सभी घोटालों की जांच होंगी और पैसा लूटने वालों को जेल भेजा जायेंगा। सभा को पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने भी सम्बोधित किया।

## बैतड़ी में भूकंप के झटके से एक मकान क्षतिग्रस्त, तीन घायल

**पिथौरागढ़।** बैतडी में भूकम्प के झटकों से एक घर क्षतिग्रस्त हो गया जिससे 3 लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार रात 11.35 बजे आए भूकंप का केन्द्र नेपाल का जाजकोट रहा। तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 रही। भूकंप से बैतड़ी में एक घर ढह जाने से 3 लोग घायल हो गए। जिसका केंद्र जजरकोट के रमीडांडा में था। बैतड़ी के दोगड़ाकेदार ग्रामीण नगर पालिका 1 में रीम घोरड़ी के कर्ण बहादुर कार्की का मकान गिरने से उनकी पत्नी 45 वर्षीय नारू कार्की और 9 वर्षीय बेटी भावना कार्की गंभीर रूप से घायल हो गई।

## केमिकल कंपनी में विस्फोट, जिंदा जले 7 लोग

**कोल्हापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के महाड एमआईडीसी में एक रासायनिक कंपनी में गैस रिसाव के कारण हुए विस्फोट के बाद करीब सात कर्मचारियों के शव बरामद किए गए और अभी भी 11 अन्य कर्मचारी लापता हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार यह घटना महाड एमआईडीसी में स्थित ब्लू जेट हैल्थकेयर लिमिटेड में हुई।यहां गैस रिसाव के बाद जोरदार धमाके के साथ ही आग ने विकराल रूप ले लिया। लोग चीखकर भागने लगे लेकिन तब तक करीब सात कर्मचारियों की जलकर मौत हो गई और अभी भी 11 अन्य कर्मचारी लापता हैं। आग लगने की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर, खोज एवं बचाव अभियान चलाया।

## मुकेश अंबानी को फिर मिली जान से मारने की धमकी, ई–मेल पर 400 करोड़ की फिरौती मांगी

**मुंबई, एजेंसी।** देश के मशहूर उद्योगपति, रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी को ईमेल पर एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। यह जानकारी मुंबई पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस के अनुसार मुकेश अंबानी को उसी मेल में एक 'रिमाइंडर' मिला है, जिसमें इस सप्ताह की शुरुआत में 400 करोड़ रुपए की मांग की गई थी। पुलिस ने कहा कि इस बार धमकी भरे मेल में उद्योगपति को पिछली धमकियों को नजरअंदाज करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है।मुंबई पुलिस ने कहा, "उद्योगपति मुकेश अंबानी को 31 अक्टूबर और एक नवंबर के बीच एक बार फिर दो धमकी भरे ईमेल मिले, जिसमें उन्हें पिछले ईमेल को नजरअंदाज करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है।"

# 23वें राज्य स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक



चमोली। 23वें राज्य स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ एलएन मिश्र की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें स्थापना दिवस को भव्य बनाने के लिए विविध कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि शासन के निर्देशों के क्रम में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर इस बार आठ से 10 नवंबर तक जनपद के सभी राजकीय भवनों सहित जीएमवीएन के पर्यटक आवास गृहों को एलईडी बल्बों से प्रकाशित किया जाएगा।

राज्य स्थापना दिवस पर 09 नवंबर को प्रातः 08 बजे शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण के साथ राज्य गठन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। साथ ही चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को तहसील स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालयों में ‘राज्य गठन से अब तक उत्तराखंड के विकास की संभावनाएं’ विषय पर निबंध प्रतियोगिता, खेल विभाग द्वारा क्रीड़ा प्रतियोगिता, नगर पालिका द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान तथा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग वितरण किया जाएगा।

भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा भव्य परेड और शिक्षा विभाग के माध्यम सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजित कराए जाएंगे। कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किए जाएंगे। विभागीय स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। राज्य स्थापना दिवस पर ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में विशेष कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समय से व्यवस्थाओं पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

# नुक्कड़ नाटक व रैली के जरिए गंगा स्वच्छता का संदेश दिया

ऋषिकेश। जिला गंगा सुरक्षा समिति एवं नगर निगम ऋषिकेश के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय गंगा उत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। शनिवार को जिला गंगा सुरक्षा समिति एवं नगर निगम ऋषिकेश के संयुक्त तत्वावधान में त्रिवेणी घाट पर दो दिवसीय गंगा उत्सव का आयोजन किया गया।

इसका शुभारंभ मेयर अनिता ममगाईं, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, समिति के जिला परियोजना अधिकारी रविकान्त पांडेय, नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर विनोद जुगलान ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि गंगा की पवित्रता बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है।

सरकार के साथ-साथ जनता के सामूहिक प्रयासों से ही गंगा की निर्मलता संभव है। नमामि गंगे के नोडल अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में बच्चों की भागीदारी से न केवल उनके व्यक्तित्व का विकास हो रहा है, बल्कि हम अगली पीढ़ी को गंगा के प्रति उनके दायित्व का बोध कराने में भी सफल होंगे। विनोद जुगलान ने कहा कि नदियां हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, नृत्य नाटिका के साथ-साथ गंगा स्वच्छता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व नगर निगम परिसर से लेकर घाट तक जागरूकता रैली भी निकाली गई। समिति के जिला परियोजना अधिकारी आरके पांडेय ने बताया कि रविवार को नुक्कड़ नाटक एवं गंगा अवतरण कथा का आयोजन होगा। मौके पर हैपी होम स्कूल की प्राचार्य प्रतिभा सरन, नमामि नर्मदा संघ के प्रांत संयोजक डॉ. राजे नेगी, रोटरी ऋषिकेश के चार्टेड अध्यक्ष दीपक तायल, समिति के नामित सदस्य सुदामा सिंघल, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की भारतीय भाषा संयोजक प्रतिभा सरन, स्वजल परियोजना की सामुदायिक विकास विशेषज्ञ मंजू जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता नीलम चमोली, शिक्षिका कोमल घिल्डियाल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कर्णप्रयाग में छात्रों नेताओं के समर्थन में निकाली रैली

चमोली। डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ के विभिन्न पदों के लिए 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किए। नामांकन के बाद छात्र नेताओं के समर्थन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राओं ने कालेज परिसर से मुख्य बाजार तक रैली निकाली। महाविद्यालय के मुख्य चुनाव अधिकारी डा. रमेश भट्ट ने बताया कि शनिवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और सह सचिव पद के लिए दो-दो तथा कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य और यूआर पद के लिए एक-एक नामांकन दाखिल हुए। बताया कि रविवार को 12 बजे तक नाम वापसी, दो बजे तक नामांकन प्रपत्रों की जांच और तीन बजे अंतिम वैध सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित करने की मांग

चमोली। गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किये जाने के उपलक्ष्य पर 'गंगा उत्सव' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला गंगा संरक्षण समिति द्वारा अलकनंदा एवं नंदाकिनी के संगम पर स्थित नंदप्रयाग में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हिमानी वैष्णव, नगर पंचायत अध्यक्ष, नंदप्रयाग द्वारा गंगा शपथ दिलाकर और जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। जनजागरूकता रैली नंदप्रयाग बाजार होते हुए संगम तट तक निकाली गई।

जनजागरूकता रैली में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं द्वारा नदियों की स्वच्छता के उद्घोषों से जनमानस को जागरूक किया गया। संगम तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर कार्यो की धीमी प्रगति पर डीएम नाराज

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने हेमकुंड यात्रा मार्ग पर संचालित अवस्थापना विकास कार्यों की समीक्षा की। यात्रा मार्ग के मध्य स्थित बोल्डर तोड़ने, मोड सुधारीकरण एवं क्षतिग्रस्त दीवारों के पुनर्निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि मैन पावर बढ़ाते हुए जिम्मेदारी के साथ यात्रा मार्ग पर संचालित अवशेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करें।

# लखवाड बांध परियोजना के विस्थापितों ने तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा

विकासनगर। लखवाड़ बांध विस्थापित सहकारी श्रम समिति और लखवाड़-व्यासी युवा श्रम संविदा सहकारी समिति का विस्थापितों की समस्याओं को लेकर बांध परियोजना स्थल पर धरना प्रदर्शन तीसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा।



धरना प्रदर्शनकारियों ने बांध परियोजना का निर्माण कार्य तीसरे दिन भी ठप रखा। तीन सौ मेगावाट की बहुद्देशीय लखवाड़ बांध परियोजना पर हाल में ही काम शुरू हुआ है। बांध परियोजना का निर्माण यूजेवीएनएल करवा रहा है, जिसमें एक निजी कंपनी बांध निर्माण का कार्य कर रही है, लेकिन बांध विस्थापितों की समस्याओं को लेकर बांध विस्थापित सहकारी श्रम समिति ने बांध निर्माण का कार्य रोककर धरना प्रदर्शन शुरू किया है। आंदोलन के तीसरे दिन विस्थापितों ने यूजेवीएनएल व निजी कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यूजेवीएनएल व निजी कंपनी जानबूझकर ग्रामीणों की समस्याओं का निदान नहीं कर रहे हैं। उनकी अनदेखी की जा रही है, जिससे समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। कहा कि मजबूर होकर उन्हें बांध निर्माण का कार्य रोकने के साथ ही धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। युवा बेरोजगार समिति के अध्यक्ष संदीप तोमर व समिति के सभी पदाधिकारियों ने इस धरना प्रदर्शन को पूर्ण समर्थन दिया। कहा कि जब तक काश्तकारों और बेरोजगार युवाओं की सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता तब तक धरना-प्रदर्शन को अनवरत जारी रखा जाएगा। धरना-प्रदर्शन पहुंचकर पूर्व प्रधान ग्राम सैंजी कुंवर सिंह, जयपाल राणा ग्राम बनोगी व कुंवर सिंह ग्राम भेड़ियाना ने अपना समर्थन देते हुए विस्थापितों की समस्याओं को जुनून समस्या बताते हुए तत्काल इनका निराकरण करने की मांग यूजेवीएनएल प्रशासन से की है।

## 25 हजार रोजगार देगी प्रदेश सरकारः चौहान

चमोली। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार ने सरकारी नौकरियों में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म कर नकल माफिया को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। अब प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून लागू है। जिसके तहत प्रदेश सरकार आगामी जनवरी 2024 तक प्रदेश में करीब 25 हजार सरकारी नौकरियां युवाओं को देने जा रही है। कुमाऊं भ्रमण कर यहां पहुंचे चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्र की मदद से केदारखंड, मानसखंड सहित सीमांत दर्शन योजनाएं शुरू की है। जो पर्यटन, तीर्थाटन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगी। लोनिवि के विश्राम गृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुए चौहान ने कहा कि आलवेदर सड़क बनने के बाद चार धाम यात्रियों की संख्या में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं कर्णप्रयाग रेललाइन के साथ ही प्रदेश में रेलवे के क्षेत्र में कई काम हो रहे हैं। पहाड़ों में हेली सेवाएं चल रही हैं। चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कामों को प्रदेश में आगे बढ़ा रही है।

# उत्तराखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने की खाद्यान, पीएम पोषण योजना, आंगनबाडी पोषण आदि योजनाओं की निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यो की समीक्षा

चमोली। उत्तराखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को जनपद चमोली में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अर्न्तगत खाद्यान, पीएम पोषण योजना, आंगनबाडी पोषण आदि योजनाओं की निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यो की समीक्षा की।




उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी को पीएम पोषण योजना के अंतर्गत राशन किट का नियमित वितरण करने की बात कही। साथ ही खाद्यानों की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि जनता को शिकायत दर्ज कराने के लिए जिला शिकायत निवारण अधिकारी और राज्य खाद्य आयोग के दूरभाष नंबरों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

उन्होंने कहा कि मिड डे मील में बच्चों को जो खाद्यान्न परोसे जाते हैं, उसकी जानकारी भी बच्चों की दी जाए। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में मिड डे मील, कुकिंग गैस, पेयजल आपूर्ति, शौचायल के संबध में भी जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने टीकाकरण एवं संस्थागत प्रसव का डाटा शेयर करने के निर्देश दिए। जनपद में खाद्यान्न से जुडी शिकायतों का समय पर निस्तारण पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी जसवन्त सिंह कण्डारी ने एनएफएसए काडी की ऑनलाइन प्रगति के बारे में बताया कि एसएफवाई में 37497 कार्ड तथा पीएचएच में 44587 कार्ड अंत्योदय में 7051 कार्ड बनाए गए हैं। जनपद में 16 खाद्यान गोदाम है। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने बताया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में 1323 विद्यालय समिलित हैं योजना से 32453 छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में 1078 आंगनबाडी केन्द्र हैं। सभी में खाद्यान वितरित किए जा रहें है। नन्दा गौरा योजना में 2602 लाभार्थी हैं।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्र, शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आज से

**कोटद्वार** : राज्य स्तरीय विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता रविवार से शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में शुरू होगी। जानकारी देते हुए खो-खो प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक सुनील रावत ने बताया कि रविवार से 7 नवंबर तक शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में 13 जनपदों के 700 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है। प्रतियोगिता अंडर-14 बालक-बालिका, अंडर-17 बालक-बालिका और अंदर-19 बालक-बालिका वर्ग में आयोजित होगी। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि लैंसडौन विधायक दिलीप रावत करेंगें। जबकि प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती हेमलता नेगी उपस्थित रहेंगी।

## हनुमान ने किया लंका दहन

**सतपुली:** श्री रामलीला कमेटी सतपुली द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के नौवें दिन लंका दहन लीला का मंचन किया गया। रामलीला को देखने के लिए भारी संख्या में भक्त पहुंच रहे है। रामलीला मंचन के नौवें दिन राम वानर सेना के साथ मिलकर सीता की खोज शुरू करते हैं। इसके लिए वे अलग-अलग दिशाओं में अपने दूतों को भेजते हैं। सीता को खोजते-खोजते समुद्र पार कर पवन पुत्र हनुमान लंका पहुंचते हैं। वहां वह सीता को खोजते हुए अशोक वाटिका में पहुंचते हैं। जहां वे सीता से भेंटकर उन्हें भगवान राम की दी हुई अंगूठी सौंपते हैं। इसके बाद वे सीता से आज्ञा लेकर अशोक वाटिका में फलों को खाने लगते हैं और वाटिका को तहस-नहस कर देते हैं। इसकी सूचना पर रावण का पुत्र हनुमान को पकड़ने जाता है। जहां वह युद्ध में मारा जाता है। इसके बाद रावण के हुक्म से मेघनाथ हनुमान को बंदी बनाकर रावण दरबार में पेश करता है। जहां हनुमान की पूंछ में आग लगाकर उन्हें छोड़ दिया जाता है। इसके बाद हनुमान लंका घूम-घूमकर दहन करते हैं। इस मौके पर श्री रामलीला कमेटी के मनीष रौतेला, सत्यनारायण वेदी, जयदीप नेगी, बालेश्वर चौधरी, सुनील डंडरियाल, प्रेम सिंह रावत आदि मौजूद थे।

## शासनादेश निरस्त करने से कर्मचारियों में आक्रोश

**कोटद्वार** : उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन की कोटद्वार शाखा के सदस्यों ने सरकार द्वारा उनको दिए जाने वाले डीए संबंधी शासनादेश को निरस्त किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। चेतावनी दी कि यदि निगम और शासन की ओर से कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना गया तो संविदाकर्मी कार्य बहिष्कार करने पर बाध्य होंगे। इस संबंध में संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में सरकार की ओर से संविदा कर्मचारियों को भी डीए दिए जाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन सरकार की ओर से उक्त शासनादेश को लागू करने के 24 घंटे के अंदर ही निरस्त कर दिया गया, इससे संविदा कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कहा कि इस संबंध में संगठन की ओर से 6 नवंबर को ध्यानाकर्षण धरना देने का निर्णय लिया गया है। बैठक में खंडीय अध्यक्ष अमित बहुगुणा, सोहन सिंह, विजय सिंह, मनमोहन सिंह, सुबोध, नईम, नवीन, दीपक और तरूण सहित अन्य संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकार के दावे हुए खोखले, बंगाली गांव के लोग डेढ़ किमी. दूर से पानी लाने को मजबूर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भले ही सरकार हर गांव में मूलभूत सुविधाएं देने के दावे करती हो, मगर हकीकत कुछ ओर ही है। ग्राम पंचायत दिउसा के राजस्व ग्राम बंगानी आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। बंगानी गांव के ग्रामीण आज भी डेढ़ किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की पेयजल योजना चार दशक पुरानी है, इस योजना की काफी समय से मरम्मत नहीं कराई गई है। जिस कारण गांव में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। लोगों ने मामले को कई बार विभाग के सामने उठाया है, लेकिन अभी तक समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

जहां एक ओर सरकार घर-घर नल योजना चलाने की बात कर रही है, वहीं बंगानी गांव के ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की 45 वर्ष पुरानी पेयजल योजना थी। जिसकी पाईप लाईन सड़ गल गई है। जिसके कारण गांव में पीने का पानी का अभाव है। पानी की किल्लत के कारण अधिकांश लोग पलायन कर चुके है। अभी भी गांव पचीस परिवार निवास करते हैं। ग्रामीण कई बार मुख्य अभियंता जल संस्थान पौड़ी, क्षेत्रीय विधायक, गढ़वाल सांसद और प्रदेश के मुख्यमंत्री से पेयजल लाईन की मरम्मत की मांग कर चुके है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण राजेश थपलियाल, प्रेम प्रकाश थपलियाल, जगमोहन तड़ियाल, ऋषि बल्लभ थपलियाल, जय प्रकाश थपलियाल, प्रदीप थपलियाल ने कहा कि एक ही ग्राम पंचायत के दिउसा और कुशियां में ब्यास घाट डांडा नागराजा परियोजना से पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन बंगानी गांव को पेयजल से वंचित किया गया है। जो ग्रामीणों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि कई बार प्रतिनिधि मंडल मुख्य अभियन्ता जल संस्थान पौड़ी से वार्ता कर चुका है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द गांव को पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।



बंगानी गांव की महिलाएं पानी भरती हुई।

## क्विज में राइंका दिउली ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में यमकेश्वर ब्लाक के राजकीय इंटर कॉलेज दिउली प्रथम स्थान पर रहा।

मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक ने विभिन्न ब्लाकों से आई टीमों को बधाई दी। कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से ही एक दूसरे के साथ घूलने मिलने से व्यवहारिक सोच भी विकसित होती है। क्विज प्रतियोगिता में राइंकॉ दिउली पहला, द्वारीखाल ब्लाक के अटल उत्कृष्ट राइंका देवीखेत ने दूसरा व राइंका सबधारखाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर अपर निदेशक शिक्षा माध्यमिक एसबी जोशी, स्कूल के प्रधानाचार्य दिगम्बर सिंह, राइंका क्यार्क के शिक्षक जयदीप सिंह रावत, पूर्व प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह नेगी, मंगल सिंह चौहान, चन्द्रशेखर नौटियाल आदि मौजूद थे।

## लोस चुनाव में क्षेत्रीय पार्टियों में एकता का करेगें प्रयास : कपरवाण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक शिब्बू नगर स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न भावी कार्यक्रमों पर विचार किया गया और निर्णय लिए गए। इस अवसर पर यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि भावी लोकसभा चुनाव में समान विचारधारा की क्षेत्रीय पार्टियों में एकता का प्रयास किया जाएगा। ताकि चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों को पराजित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत की पार्लियामेंट में अभी तक पहाड़ी विचार धारा, संस्कृति, पहचान परंपराओं का संरक्षक और विकास करने वाला प्रतिनिधि नहीं पहुंचा है।

डॉ. कपरवाण ने कहा कि क्षेत्रीय राजनीतिक शक्तियों का प्रयास होगा कि भारत की पार्लियामेंट में उत्तराखंड का समग्र विकास और पहाड़ की विकास के लिए एक नई पहाड़ी नियोजन की दिशा देने वाला प्रतिनिधि पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन संबंधी अधिकार से संबंधित कानून भारत की संसद बनाती है, इसके अलावा पहाड़ी क्षेत्र के लिए पहाड़ी बजट बनाने और धनराशि स्वीकृत करने में केंद्र की सहायता चाहिए। इस कार्य के लिए भारत की संसद में क्षेत्रीय विचारधारा का प्रतिनिधि उत्तराखंड से पहुंचना चाहिए। इसके लिए जनता की शरण में जाकर हम जनता से आग्रह करेंगे। हमें जनता का विश्वास जीतने का प्रयास करना चाहिए। केंद्रीय उपाध्यक्ष जग दीपक सिंह रावत ने कहा कि भू-कानून, मूल निवास कण्वाश्रम को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना, रामनगर-चिल्लरखाल-लालढांग नेशनल हाईवे के निर्माण आदि विषयों पर राज्य और क्षेत्रीय मुद्दों पर आगामी होने वाली केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में नई रणनीति व आंदोलन संबंधी विचार किया जाएगा। इस मौके पर बौद्धिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने कहा कि यूकेडी संगठन को वैचारिक रूप से संपन्न और व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता है। कहा कि जनता के बीच जो गैप है उसे समाप्त किया जाना चाहिए। इससे अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष डॉक्टर शक्ति शैल कपरवाण द्वारा सत्य प्रकाश भारद्वाज को कार्यालय महामंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। केन्द्रीय अध्यक्ष ने क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के साथ भावी राजनीतिक कार्यक्रमों में समन्वय बनाने के लिए एक राजनीतिक समिति का गठन किया, जिसमें जगदीपक सिंह रावत, प्रवेशचंद्र नवानी, रमेश चंद्र कोठारी, सत्य प्रकाश भारद्वाज, पुष्कर सिंह रावत को नियुक्त किया गया है। बैठक में अतिरिक्त प्रभाकर ध्यानी, विनोद चौधरी, सर्वेंद्र काला, भारत मोहन काला, धीरेंद्र बिष्ट, सुरेश पटवाल, सुमंत भट्ट, अंकित रावत आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल ने एनआईटी श्रीनगर में 98 छात्रों को प्रदान की उपाधि

## 2045 तक विकसित और सशक्त भारत निर्माण में तकनीक की रहेगी मुख्य भूमिका : गवर्नर

**पौड़ी** : उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने उत्तराखंड के श्रीनगर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए संस्थान के 98 लोगों को डिग्री, उपाधि और मेडल प्रदान किये। राज्यपाल ने डिग्री पाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनको राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय और सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि भारत को यदि 2045 तक श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत और समृद्ध भारत बनना है तो उसमें तकनीक मुख्य भूमिका में रहेगी तथा तकनीक के विकास और उसके उपयोग करने की क्षमता निर्माण में एनआईटी जैसे तकनीकी संस्थानो की मुख्य भूमिका होती है। कहा कि हमारे सामने विश्व गुरु भारत बनने की बड़ी चुनौती जरूर है, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम भारतीय प्रौद्योगिकी और तकनीकी संस्थानों द्वारा तैयार की जा रही स्किल्ड और प्रोफेशनलों की जेनरेशन से यह दर्जा जरूर हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि आज इन तकनीकी संस्थानों में प्रौद्योगिकी के साथ-साथ सामाजिक प्रबंधन, सांस्कृतिक समागम, ज्ञान और आध्यात्मिकता सभी दृष्टिकोण से कुशल पेशेवर तैयार किया जा रहे हैं। राज्यपाल ने जिन 98 लोगों को उपाधि प्रदान की उनमें 92 बीटेक, 12 पीएचडी और 4 एमटेक धारक लोग शामिल थे। इनमें से 06 लोगों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किया गया। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर चंद्रशेखर ने पास आउट हुए लोगों से एक कर्तव्यनिष्ट, समर्पित, तार्किकता से परिपूर्ण और आविष्कारक एटीट्यूड वाले नागरिक बनने की प्रेरणा दी। निदेशक एवं अध्यक्ष शासकीय मण्डल एनआईटी श्रीनगर, प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने समारोह में अतिथियों और सभी जनमानस का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियां, उसका इतिहास और भविष्य के लक्ष्य को सबसे साझा किया। महामहिम राज्यपाल ने इस दौरान चंद्रबदनी, नंदा देवी, राजराजेश्वरी, शिव भक्ति, कसमर्दनी और भागीरथी स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का भी अवलोकन किया तथा महिलाओं के इन प्रयासों की मुक्तकंठ प्रशंसा भी की। इससे पूर्व महामहिम राज्यपाल ने श्रीनगर स्थित धारी देवी मंदिर में जाकर माथा टेका और पूजा अर्चना भी की। इस दौरान महामहिम के साथ जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, उप जिलाधिकारी नूपुर वर्मा व अबरार अहमद सहित अन्य कार्मिक उपस्थित थे।



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) छात्र को उपाधि प्रदान करते हुए।

## एक नजर

### डेढ किलो चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार

पिथौरागढ़। एसओजी व पुलिस ने 1 किलो 600 ग्राम चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है। ड्रग फ्री देवभूमि अभियान को लेकर पुलिस, एसओजी, एएनटीएफ टीम ने चरस, स्मैक व अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री को लेकर चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मदकोट रोड पर साईपोलो निवासी 21 वर्षीय उत्तम सिंह को पुलिस ने पकड लिया। अभियुक्त के पास से 1 किलो 600 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने बताया कि युवक काफी वक्त से आरोपी चरस तस्करी में सक्रिय था। टीम में थाना प्रभारी भुवन चंद्र मासीवाल, एसओजी प्रभारी हेम चंद्र तिवारी, प्रदीप कन्याल, सोनू कार्की, आनंद खनका, गोविंद रौतेला, प्रेम सिंह, वीरेंद्र चौहान, जितेंद्र कुमार, वन रेंजर विजय भट्ट शामिल रहे।

### एडम्स परिसर में ही लगेंगी पटाखों की दुकानें

अल्मोड़ा। उप जिला मजिस्ट्रेट जयवर्धन शर्मा ने बताया कि आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत सम्पूर्ण नगर से लगे आबादी क्षेत्र में पटाखों, आतिशबाजी की बिक्री स्थल हेतु जनहित में एडम्स बालिका इण्टर कालेज, स्थित खेल मैदान को दिनॉक 09 नवम्बर, 2023 से 13 नवम्बर, 2023 तक चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन, पुलिस, नगर पालिका, अग्निशमन, व्यापार संघ व पटाखा व्यवसायियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण में चयनित स्थल उपयुक्त पाया गया। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देश दिए कि अल्मोड़ा सम्पूर्ण नगर क्षेत्र व नगर से लगे आबादी क्षेत्र में इस चयनित स्थल के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्थल, परिसर में आतिशबाजी, पटाखों की बिक्री, भंडारण अथवा प्रदर्शनी आदि न होने दी जाय।

### 306 बच्चों ने दी संस्कृति ज्ञान परीक्षा

बागेश्वर। गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया। जिसमें सात विद्यालयों में शामिल रहे। 306 बच्चों ने परीक्षा दी। गायत्री परिवार के स्वजन ने परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग दिया। गायत्री परिवार के स्वजन हीरा सिंह ऐठानी ने बताया कि जनता इंटर कालेज फरसाली में 65, राजकीय बालिका इंटर कालेज ऐठान में चंचल ऐठानी की देखरेख में 26, राजकीय आदर्श प्राथमिक स्कूल कपकोट में नवीन जोशी की देखरेख में 40, बाल हिम सरयू कपकोट में हरिमोहन ऐठानी की देखरेख में 13, कंट्रीवाइड स्कूल में विमल ऐठानी की देखरेख में 34, एंजल्स स्कूल कपकोट में डा. शेर सिंह ऐठानी और भूपेंद्र कुमार की देखरेख में 95 जबकि पाइनवुड इंटरनेशनल स्कूल पनौरा में गणेश चंद्र उपाध्याय की देखरेख में 33 बच्चों ने परीक्षा दी।

### लघु व मझौले उद्योगों की करें स्थापना

बागेश्वर। ग्राम पंचायत सीमा, गोलना में पलायन रोकथाम के लिए रोजगार परक योजनाओं की समीक्षा की गई। गांव में लघु और मझौले उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया गया। विधायक ने विभागीय अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। स्थानीय पंचायत घर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता विधायक सुरेश गढ़िया ने की।

कहा कि गांवों से पलायन रोकना सरकार की प्राथमिकताओं में है। जिस गांव में सबसे अधिक पलायन हो रहा है, उस पर फोकस करना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और प्रदेश के प्रधान सेवक के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास मूलमंत्र के साथ हर वर्ग के व्यक्ति के सर्वांगीण विकास को संकल्पित है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी राज्य स्थापना की वर्षगाँठ



अल्मोड़ा। विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की वर्षगाँठ जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनायी जाएगी। जिला प्रशासन ने आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा को निर्धारित करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक उन्होंने कहा कि 08 से 10 नवम्बर तक जनपद के मुख्य राजकीय भवनों को एलईडी बल्बों के माध्यम से प्रकाशमान किया जाएगा। यह रोशनी सायं 7:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे के मध्य ही की जायेगी। राज्य स्थापना दिवस के दिन प्रातः 8:00 बजे सभी स्कूली बच्चों की प्रभातफेरी निकाली जायेगी। यह रैली नन्दादेवी मन्दिर परिसर से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार होते हुए शिखर होटल में पहुँचेगी। शहीद स्मारक स्थल पर माल्यार्पण किया जाएगा। शहीद स्थल की सफाई व्यवस्था का दायित्व निर्वहन नगरपालिका परिषद द्वारा किया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सभी विद्यालयों में निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी जिसके संयोजक मुख्य शिक्षाधिकारी होंगे। दिनांक 08 नवम्बर से 14 नवम्बर तक नगर के सभी वाडी में विशेष सफाई अभियान किया जायेगा। इस अवसर पर जिला खेलकूद विभाग द्वारा प्रातः 7:30 बजे से क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन किया जाएगा। क्रास कन्ट्री व प्रभात फेरी के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेंस की व्यवस्था की जायेगी। उन्होने बताया कि क्रास कन्ट्री व प्रभात फेरी के अवसर पर ट्रैफिक व्यवस्था पुलिस विभाग द्वारा की जायेगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि स्थापना दिवस के दिन मलिन बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी वितरित किये जायेगे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को निर्देश दिये कि वे नगर की सफाई व्यवस्था हेतु अभी से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों व खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में इन कार्यक्रमों को आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे।

## हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में फिर रैगिंग

हल्द्वानी। राजकीय मेडिकल हल्द्वानी में एक बार फिर से रैगिंग का मामला सामने आया है। इस पर कॉलेज प्रबंधन ने सख्त रुख अपनाते हुए एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई। इसके बाद एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के आरोपी 10 छात्रों पर 25–25 हजार का जुर्माना लगाने के साथ ही उन्हें 6 माह के लिए हॉस्टल से बाहर कर दिया गया है। मामले में शुक्रवार दोपहर मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित द्वितीय वर्ष के छात्रों ने एक प्रथम वर्ष के एक छात्र को अपने हॉस्टल बुलाया। इसके बाद सीनियर छात्रों ने उसकी रैगिंग शुरू कर दी। कई सीनियर उसकी रैगिंग कर रहे थे। इस बीच शोर सुनकर मेडिकल कॉलेज के एक कर्मचारी ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो बना ली। इसके साथ ही तुरंत घटनाक्रम की सूचना प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को दी। अपने ऑफिस में काम कर रहे डॉ. जोशी तुरंत हॉस्टल पहुंचे और सभी सीनियर छात्रों को फटकार लगाई। पीड़ित छात्र ने मामले में कोई भी शिकायत देने से इनकार किया, लेकिन प्राचार्य ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए शनिवार को एंटी रैंगिग कमेटी की बैठक बुलाई। जिसमें कॉलेज प्रबंधन के साथ साथ पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचे। बैठक में विचार विमर्श के बाद द्वितीय वर्ष के 10 छात्रों पर 25–25 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के साथ साथ 6 माह के लिए हॉस्टल से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है।

## किन्नरों की अवैध वसूली पर रोक लगाए प्रशासन

बागेश्वर। दीपावली पर किन्नरों द्वारा दुकान–दुकान जाकर की जाने वाली वसलूी पर रोक लगाने की मांग को लेकर व्यापारी मुखर हो गए हैं। उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर इस पर कड़ाई से रोक लगाने की मांग की है। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में व्यापारी शनिवार को तहसीलदार देवेंद्र लोहनी से मिले। उन्हें अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि जिले में किन्नरों द्वारा लगातार अवैध वसूली की जा रही है। ये लोग दीपावली से लेकर शादी विवाह के मौके पर लोगों को डरा धमका कर वसूली करते हैं। ये लोग लड़का होने पर 11 हजार, 51 हजार तथा लड़की होने पर 5100, 25 हजार, नया मकान बनने पर 11 हजार, लड़के की शादी के बाद 21 हजार, लड़की की शादी में 5100 और 25 हजार की वसूली करते हैं। दीपावली व होली पर व्यापारियों से भी जबरन वसूली कर रहे हैं। उन्होंने इस तरह की अवैध वसूली के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में राहुल साह, सोनू चौधरी आदि शामिल थे।



# 27 को होगा कांग्रेस का जिला सम्मेलन

बागेश्वर। कांग्रेस जिला इकाई की यहां आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि 27 नवंबर को जिला सम्मेलन होगा। इसमें प्रदेश के शीर्ष नेता पहुंचेंगे। निकाय , लोकसभा तथा पंचायत चुनाव पर विस्तार से चर्चा होगी। पार्टी कार्यालय सूरजकुंड में शनिवार को आयोजित बैठक नगर पालिका, पंचायत को लेकर चर्चा हुई।

बागेश्वर के पूर्व में ब्लॉक व नगर को विभाजित कर ब्लॉक व नगर का गठन कर नये ब्लॉक व नगर अध्यक्ष के नामों पर चर्चा की गई। गत दिनों हुए बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव पर भी चर्चा हुई। चुनाव आयोग द्वारा भेजी गई एएसडी मतदाता सूची पर चर्चा हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने की। इस मौके पर कवि जोशी, हरीश ऐठानी, गौरव परिहार, मनमोहन जोहरी, दीपक गड़िया, ललित गिरी, लोकमणि पाठक, गीता रावल, नरेंद्र राठौर, केवलानंद आदि मौजूद रहे।

# सफलता पाने के लिये अपने लक्ष्यों को हमेशा ऊँचा रखें: जिलाधिकारी



अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने बख स्थित किशोरी गृह, शिशु गृह, नारी निकेतन एवं बाल सम्प्रेक्षण गृह पाण्डेखोला का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इन संस्थानों में रह रहे बच्चों, बालिकाओं एवं बालकों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किशोरी गृह में रह रही बालिकाओं द्वारा बनायी गयी ऐंपण व अन्य चीजों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी बच्चियों द्वारा बनायी गयी ऐंपण से बेहद प्रभावित हुये। जिलाधिकारी ने वहां पर रहे बच्चों से वार्तालाप की और उनके शौक के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि सफलता पाने के लिये अपने लक्ष्यों को हमेशा ऊँचा रखें तभी आपको अपने कार्य क्षेत्र में सफलता मिल पायेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि यहां पर निवासरत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व वैक्सीनेशन मेडिकल टीम द्वारा समय–समय पर कराया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र व स्थाई निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र बनाए जाने हैं उन्हें निर्धारित समय के अन्तर्गत बना लिया जाय। इस दौरान जिलाधिकारी संस्था मे काम करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के वार्तालाप की और उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को दिये जाने वाले दैनिक आहार के बारे में संस्था की अधीक्षिका से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि बच्चों के देखभाल में किसी प्रकार की कोई कमी न रहने पाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा, भोजनालय, शौचालय, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भवन सहित अन्य जो भी मरम्मत कार्य किये जाने हैं उसके लिए पत्राचार किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि वहां पर रह रहे सभी बच्चों को स्कूली शिक्षा आवश्यक रूप से दिलायी जाय जिससे बच्चे आत्मनिर्भर बन सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 16 एवं 17 वर्ष की बालिकाओं की उनकी रूचि के अनुसार उनके लिए व्यावसायिक क्षेत्र तलाशे जाय जिससे वे 18 वर्ष की होने पर उस क्षेत्र में अपनी आजीविका चला सके। यहाँ जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव नयन तिवारी, अधीक्षिका शिशु सदन माया पाण्डे,अधीक्षिका राजकीय संरक्षण महिला गृह प्रेमा आर्या, सीडब्लूसी सदस्य मीता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लाखों की लागत से बनी सड़क, फिर भी पड़ी बदहाल


कांडाखाल बाजार से बनाली गांव को जोड़ने वाले मार्ग की बदहाल स्थिति।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार किस कदर घर कर बैठ गया है, प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत कांडाखाल-चंडाखाल-बनाली मोटर मार्ग को देख इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। करीब चार लाख की लागत से खंड विकास कार्यालय ने 375 मीटर सड़क का कटान तो कर दिया। लेकिन, सड़क आज तक चलने लायक नहीं है। सड़क कटान के कारण काश्तकारों की खेतों को नुकसान भी पहुंचा।

द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत कांडाखाल से ग्राम बनाली को सड़क से जोड़ने के लिए विधायक निधि से वर्ष 2021 में चार लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी। मोटर मार्ग निर्माण का कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा की उम्मीद थी। लेकिन, लाखों की धनराशि खर्च करने के बाद भी मार्ग गाड़ी छोड़िए, पैदल चलने लायक भी नहीं है। कई स्थानों पर मार्ग का हिस्सा खाई में समा गया है। मार्ग में निकले नुकीले पत्थरों से ग्रामीणों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीण दीपक कुमार, मदन कंडवाल, सुदेश कंडवाल ने बताया कि वर्षाकाल के दौरान मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। ऐसे में अब भी डेढ़ किलोमीटर कांडाखाल बाजार पैदल ही आना पड़ रहा है। मार्ग मरम्मत के संबंध में कई बार अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा।

**चट्टान से गिर रहे पत्थर**

मार्ग के ऊपर चट्टान से पत्थर गिरने का डर बना हुआ है। ऐसे में सबसे अधिक खतरा बच्चों को बुजुर्गों को बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के समय मार्ग से पैदल चलना एक चुनौती बन जाती है। लाखों खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को इस मार्ग का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में सरकारी सिस्टम को मार्ग की हालत सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

**क्या कहते है अधिकारी**

खंड विकास अधिकारी द्वारीखाल बीडी रतूड़ी का कहना है कि मामला जानकारी में नहीं है। जल्द ही मार्ग का निरीक्षण किया जाएगा। विधायक निधि से मार्ग निर्माण किया गया है। निरीक्षण के उपरांत मरम्मत के लिए बजट स्वीकृत के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## कर्मचारियों की समस्याओं पर मंथन किया

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन (इटक) की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी 6 नवम्बर को ऊर्जा भवन देहरादून का घेराव को लेकर विचार विमर्श किया गया। मुख्यालय में आयोजित बैठक खण्डीय कार्यकारी अध्यक्ष/सचिव मदन सिंह रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में इटक की विभिन्न समस्याओं का निराकरण न होने पर आगामी 6 नवम्बर को ऊर्जा भवन देहरादून का घेराव करने तथा दीपावली में टूल डाउन तथा उग्र आन्दोलन करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इटक द्वारा लम्बे समय से पूरे प्रदेश में विद्युत सप्लाई करने में उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन का अहम योगदान रहता है फिर भी प्रदेश सरकार विद्युत निगम द्वारा संविदा कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि इटक द्वारा लम्बे समय से समान कार्य समान वेतन, नियमितीकरण, महंगाई भत्ता, दिए जाने की मांग की जा रही है किंतु जायज मांगों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। वक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पांच नवम्बर तक इटक संगठन की विभिन्न मांगों पर अमल नहीं किया गया तो संगठन को आगामी 6 नवम्बर को ऊर्जा भवन देहरादून का घेराव करने तथा दीपों के त्यौहार दीपावली पर टूल डाउन तथा आन्दोलन को और उग्र रूप देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# टेबल टेनिस में गंभीर हाउस और अर्जुन हाउस ने मारी बाजी


कबड्डी प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी।

### आईएचएमएस में छः दिवसीय ओलंपियाड क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से आयोजित ओलंपियाड 2023 क्रीड़ा प्रतियोगिता रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गई है। टेबल टेनिस सिंगल प्रतियोगिता में गंभीर हाउस के ओम बहुगुणा ने पहला, गोपाल हाउस के अक्षय रावत ने दूसरा और प्रफुल्ल हाउस के अमित रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस डबल्स मुकाबले में अर्जुन हाउस, प्रफुल्ल हाउस और गोपाल हाउस ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। शनिवार को बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में आयोजित छः दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणि भूषण श्रीवास्तव ने लाट सूबेदार बलभद्र सिंह नेगी की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के अपील की। कहा कि वर्तमान में छात्र शिक्षा के साथ खेलों को भी अपने करियर के रूप में चुन रहे हैं। प्रतियोगिता का उदघाटन रस्सा कस्सी प्रतियोगिता के साथ किया गया। पहला मैच बालक वर्ग में गंभीर हाउस और गोपाल हाउस के बीच खेला गया। जिसमे गंभीर हाउस ने गोपाल हाउस को पराजित किया। दूसरे मैच में प्रफुल्ल हाउस ने अर्जुन हाउस को हराया। बालिका वर्ग की रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में गोपाल हाउस ने गंभीर हाउस को हराया जबकि अर्जुन हाउस की छात्राओं ने प्रफुल्ल हाउस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोपाल हाउस ने प्रफुल्ल हाउस को और गंभीर हाउस ने अर्जुन हाउस को पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। कबड्डी प्रतियोगिता में गंभीर हाउस के छात्रों ने अर्जुन हाउस को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर संस्थान के एमडी बीएस नेगी, ईडी अजयराज नेगी, प्रतियोगिता समन्वयक पंकज कुकरेती, अनिल यादव, अनुज नेगी, नवीन किशोर, टीना जोशी, सुरेंद्र जगवान, अनुराग नेगी, दिलबर रावत, ममता रावत, आशुतोष वशिष्ठ, दिव्या काला, मानसी बर्थवाल, श्रेया चंदोला, सपना रैथान आदि मौजूद रहे।

# नवयुग स्कूल में बालिका बॉलीवॉल टूर्नामेंट शुरू



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नवयुग सीनियर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढाक, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) द्वारा आयोजित नगर क्षेत्र के सबसे बड़े बालिका वॉलीबॉल टूर्नामेंट ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ'' अभियान के तहत दो दिवसीय 8वां बालिका बॉलीवॉल टूर्नामेंट 2023 विद्यालय परिसर में उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह रावत जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कोटद्वार ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वल्लित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने माँ सरस्वती वन्दना के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की स्तुति दी। इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कोटद्वार नगर की 16 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैम्पियन नवयुग पब्लिक स्कूल सहित डीएवी पब्लिक स्कूल, बलूनी पब्लिक स्कूल, एवीएन पब्लिक स्कूल, राइजिंग सन पब्लिक स्कूल, बाल भारती पब्लिक स्कूल, डैफोडिल पब्लिक स्कूल, एमकेवीएन पब्लिक स्कूल ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विद्यालय प्रबंधक डीसीएस नेगी ने मुख्य अतिथि, शिक्षकों, अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि बेटों के समान बेटियों का भी सर्वांगीण विकास किया जाना चाहिए। यदि हमें एक सबल, सशक्त, स्वच्छ एवं विकसित राष्ट्र को बनाना है तो इस तरह के कार्यक्रम देश में होते रहने चाहिए। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम नेगी व विद्यालय संस्थापक हुकम सिंह नेगी सहित शिक्षित-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## छात्र संघ चुनाव : प्रत्याशियों ने कराये नामांकन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नोतकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनावों के लिए शनिवार को 16 प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों पर नामांकन पर्चे भरे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अभिषेक अग्रवाल, मंदीप व आयुष त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पद के लिए दीक्षा ठाकुर व अमीषा बुड़ाकोटी, महासचिव पद के लिए पारस नेगी, रोहित प्रजापति, उमंग नेगी व शिवांशु शाह, सह सचिव पद के लिए साहिल सिंह बिष्ट व दीपक, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमित काला व स्वाति गैरोला और विवि प्रतिनिधि पद के लिए खुशी कंडवाल, सेजल अरोड़ा व सौरभ रावत ने नामांकन पत्र दाखिल किए। बताया कि आज रविवार को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी।

# बाल वैज्ञानिकों में वैज्ञानिक सोच से होगा राष्ट्र का विकास : अग्रवाल

### श्री गुरूरामराय पैरामेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया विज्ञान महोत्सव

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : एससीईआरटी और समग्र शिक्षा अभियान के संयुक्त तत्वाधान में पदमपुर स्थित श्री गुरूरामराय पैरामेडिकल कॉलेज में डा. एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। विज्ञान महोत्सव में बाल वैज्ञानिकों ने अपने मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। महोत्सव में जनपद के 15 विकासखंडों के 420 बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया।

महोत्सव का आरंभ चंद्रयान-3 मिशन से जुड़े इसरो के वैज्ञानिक दीपक कुमार अग्रवाल व कार्यक्रम सह संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अयाजुद्दीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि इसरो वैज्ञानिक दीपक कुमार अग्रवाल ने बाल वैज्ञानिकों द्वार बनाए गए माडलों की सराहना करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में छात्रों द्वारा इस तरह का प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विज्ञान को समाज के हित के लिए उपयोग करने के लिए जोर दिया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच ही राष्ट्र के विकास का आधार होती है। ऐसी सोच को छात्रों में विकसित करना एक विज्ञान शिक्षक का मूल कर्तव्य है। कार्यक्रम सह संयोजक व खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अयाजुद्दीन ने कहा कि आमजन को इस तरह के महोत्सवों के माध्यम से विज्ञान की उपयोगिता से परिचित कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञान को आधुनिक काल में महोत्सव की तरह मनाना चाहिए। इस मौक पर स्थल संयोजक पैरा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरीश उनियाल, भारत भूषण परमार, अजय जोशी, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा श्रीमती गरिमा व्यास, जिला विज्ञान समन्वयक दौलत सिंह गुसाईं, पीटीए अध्यक्ष महेन्द्र कुमार अग्रवाल, नरेन्द्र कुमार अग्रवाल, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा पौड़ी रीना रावत, डीएम रतूड़ी प्रधानाचार्य एसजीआरआर पदमपुर, सितांशु खुगशाल, संदीप बिष्ट, सत्यपाल सिंह सहित विकास खंडों के विज्ञान ब्लाक समन्वयक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीना वशिष्ठ, पारितोष रावत, डॉ. जितेन्द्र नेगी ने संयुक्त रूप से किया।


बाल वैज्ञानिकों के मॉडल का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि।

# भू–राजनीतिक तनाव में फंसी भारत की आर्थिकी

**अजीत द्विवेदी**

यह संयोग है कि छह अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा नीति की दोमासिक बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने और साथ ही देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की दर को भी साढ़े छह फीसदी पर स्थिर रखने का फैसला हुआ और उसके अगले दिन यानी सात अक्टूबर को इजराइल और हमास की जंग छिड़ गई। दुनिया पहले ही करीब डेढ़ साल से एक जंग झेल रही है। पिछले साल अप्रैल से यूक्रेन और रूस की जंग चल रही है। आर्मेनिया और अजरबैजान का युद्ध किसी तरह से तुर्की की मध्यस्थता से सुलझा है और मध्य एशिया में शांति बनी है और इस बीच पश्चिम एशिया में नई जंग शुरू हो गई है। अभी तो इजराइल और हमास के बीच जंग चल रही है लेकिन इसका दायरा बढ़ने में समय नहीं लगेगा। लेबनान की ओर से हिजबुल्ला ने हमला शुरू कर दिया है और यमन की ओर से हूती विद्रोही हमले कर रहे हैं। इसके अलावा जिस तरह से सीरिया में स्थित ईरान के ठिकानों पर अमेरिका ने बमबारी की है उससे जंग का दायरा बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है।

इस भू–राजनीतिक अस्थिरता की वजह से वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया है। रूस और यूक्रेन की जंग की ही तरह इजराइल और हमास की लड़ाई लंबी चलती है और इसका दायरा बढ़ता है तो इसका असर पूरी दुनिया के साथ साथ भारत पर भी होगा। ध्यान रहे रूस और यूक्रेन की जंग ने भारत को ज्यादा प्रभावित नहीं किया क्योंकि अमेरिका और यूरोप की पाबंदियों के बावजूद भारत की पेट्रोलियम कंपनियों ने रूस से कच्चा तेल खरीदा और उसे रिफाइन करके दुनिया के बाजार में बेचा।

सो, युद्ध की अवधि के दोनों वित्त वर्ष में कच्चे तेल की कीमत में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ और भारत में भी कीमत स्थिर रही। कोरोना के तुरंत बाद शुरू हो गए युद्ध की वजह से अनेक जरूरी चीजों की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई लेकिन भारत अछूता रहा और अर्थव्यवस्था की रफ्तार भी ज्यादा प्रभावित नहीं हुई। लेकिन एक दूसरे भौगोलिक क्षेत्र में युद्ध शुरू होने से अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

हालांकि इजराइल और हमास की जंग शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने भारत की जीडीपी की अनुमानित दर में मामूली बढ़ोतरी की और उसे 6.1 से बढ़ा कर 6.3 फीसदी किया। लेकिन आईएमएफ ने भी माना है कि रूस व यूक्रेन युद्ध और बढ़ते भू राजनीतिक तनाव के अलावा कई स्थितियां ऐसी हैं, जिनसे अर्थव्यवस्था पर असर



होगा। उसने उंचे ब्याज दर की मिसाल दी है। गौरतलब है कि अमेरिका में उच्च ब्याज दर की वजह से बॉन्ड से होनेवाली आय बढ़ गई है, जिससे वैश्विक निवेश प्रभावित हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है कि अमेरिकी बॉन्ड्स से होने वाली आय पांच फीसदी तक पहुंच गई है, जो 16 साल का सबसे उंचा स्तर है। दुनिया के दूसरे अनेक देशों में ब्याज दर उंची होने से विकास दर पर बड़ा असर पड़ा है। आईएमएफ ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अपनी रफ्तार खो रही है।

इसलिए, 2023 के लिए वैश्विक वृद्धि दर अनुमान को घटाकर तीन फीसदी किया गया है। उसने यह भी कहा है कि 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार और धीमी होकर 2.9 फीसदी रह जाएगी। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे ओलिवियर गौरीचांस ने कहा है– कोरोना और यूक्रेन पर रूस के हमले सहित कई झटकों से तीन साल में दुनिया भर के आर्थिक उत्पादन में कोविड पूर्व रूझानों की तुलना में 37 सौ अरब डॉलर की कमी आई है। हालांकि भारत के लिए अच्छी स्थिति यह है कि पश्चिमी देशों और चीन के बीच दूरी बढ़ी है, जिसका लाभ भारत को मिल सकता है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने भी कहा है कि इजराइल और हमास की जंग का बड़ा आर्थिक असर होगा।

बहरहाल, रिजर्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने इजराइल और हमास की जंग लंबा चलने या इसका दायरा बढ़ने के बाद की स्थितियों को विकास दर के आकलन में शामिल नहीं किया है। अगर जंग तेज होती है या इसका दायरा बढ़ता है तो कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी और उसकी कीमतों में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा खाने–पीने की चीजों और फर्टिलाइजर की आपूर्ति व कीमत दोनों प्रभावित होंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसकी आशंका जता चुकी हैं कि खाद्यान्न, कच्चा तेल और फर्टिलाइजर महंगे हो सकते हैं। ध्यान रहे भारत में अगले साल लोकसभा का चुनाव होना है इसलिए केंद्र सरकार के सामने महंगाई को काबू में रखने की चुनौती है।

अगर विश्व बाजार प्रभावित होता है और जरूरी चीजों की आपूर्ति प्रभावित होती है तब भी राजनीतिक कारणों से भारत को महंगाई दर नहीं बढ़ने दी जाएगी। रिजर्व बैंक पर दबाव होगा कि वह ब्याज दरों में कमी न करे। अगर ब्याज दर नहीं घटाए जाते हैं तो विकास दर ठहरी रहेगी। सो, अगर युद्ध की वजह से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने और कीमत बढ़ने का बोझ सरकार जनता के ऊपर नहीं डालती है तब भी भारतीय अर्थव्यवस्था के बड़े पैरामीटर यानी मैक्रो इकोनॉमिक्स प्रभावित होगी। मॉनसून और अल नीनो का असर अलग परेशान करने वाला होगा। भारत में मामूली ही सही लेकिन खराब मॉनसून की वजह से चावल का उत्पादन प्रभावित होगा। चुनावी साल में महंगाई को काबू में रखने के लिए भारत सरकार को लगातार कभी चावल तो कभी चीनी तो कभी प्याज और टमाटर का आयात–निर्यात नियंत्रित करना पड़ रहा है।

भारत सरकार की उम्मीदें इस बात पर टिकी हैं कि वित्त वर्ष 2022–23 की आखिरी दो तिमाही के मुकाबले चालू वित्त वर्ष यानी 2023–24 की पहली दो तिमाही में कच्चे तेल की कीमत अपेक्षाकृत कम रही है इसलिए अगर पिछले वित्त वर्ष के उच्च स्तर यानी 109 डॉलर तक भी कीमत जाती है तो उसका असर भारत झेल सकता है। दूसरी उम्मीद यह है कि त्योहारी सीजन में कार, बाइक से लेकर तमाम तरह के उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी, जिससे तीसरी और चौथी तिमाही की विकास दर उंची रहेगी। अक्टूबर के जीएसटी के आंकड़ों से सरकार की उम्मीदें पूरी होती दिख रही हैं। अक्टूबर में सरकार ने 1.72 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी इक्ठा किया।

सरकार की तीसरी उम्मीद है कि कार और आवास दोनों के कर्ज की मांग बढ़ी है और त्योहारी सीजन में यह मांग जारी रहेगी। दूसरी ओर चिंता की बात यह है कि ग्रामीण इलाकों में गैर टिकाऊवस्तुओं की मांग में कमी आई है और दूसरी ओर आईटी सेक्टर में अब भी छंटनी का दौर चल रहा है। ऐसा लग रहा था कि दूसरी तिमाही में छंटनी रूक जाएगी लेकिन छंटनी नहीं रूकी है और नई बहाली नहीं शुरू हो रही है। सो, बेरोजगारी के मोर्चे पर सरकार की चिंता बढ़ सकती है। अगर रोजगार के अवसर नहीं बढ़ते हैं तो लोगों के खर्च में कमी आएगी, जिससे विकास दर प्रभावित हो सकती है। इस तरह से यह एक दुष्चक्र की स्थिति बन रही है। खासकर महंगाई और बेरोजगारी के आंकड़ों की वजह से। सरकार को महंगाई काबू में रखनी है और विकास दर को भी नीचे नहीं आने देना है।

# पाक निकाल रहा अफगानों को!

**श्रुति व्यास**

अफगान तकलीफ में हैं। उनका बुरा वक्त चल रहा है।ऐसे मैं देश के भीतर की अनिश्चितता और अराजकता के चलते पाकिस्तान में रह रहे करीब 17 लाख अफग़ानों की और मुश्किल है। उन्हे पाकिस्तान ने अफगानिस्तान लौटने को कहा है। अगर वे ऐसा नहीं करते गै तो उन्हें पाकिस्तानी कानून में कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।सो मंगलवार को पाकिस्तान में दस्तावेजों के बिना रह रहे करीब दस हजार अफगानियों को बसों और ट्रकों में ठूंसकर सीमा की ओर भेजा गया। अक्टूबर में करीब एक लाख अफगानी पहले ही जा चुके हैं।

पाकिस्तान के आदेश मेंएक नवंबर तक की मोहलत दी गई थी। मकान मालिक अफगानी किरायेदारों से मकान खाली करवा रहे हैं क्योंकि उन्हें भय है कि ऐसा न करने पर उन्हें भारी जुर्माना देना पड़ेगा। बिना दस्तावेज वाले अफग़ान कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। पुलिस उन बस्तियों में छापेमारी कर रही है जहां बड़ी संख्या में अफगानी रहते हैं। जिनके पास कोई दस्तावेज नहीं हैं, उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। मानवाधिकार संगठनों और प्रवासियों ने पाकिस्तान के इन कदमों की निंदा की है। उन्हें डर है कि कुछ अफगानों को अतीत में तालिबान के विरोधियों से रिश्ते रखने के कारण अफगानिस्तान में दंडित किया जा सकता है।

पाकिस्तान में करीब 37 लाख अफगानी शरणार्थी रह रहे हैं, जिनमें से लगभग 7 लाख, अगस्त 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबानी कब्ज़ा होने के बाद से वहां से आए हैं। इनमें से 17 लाख के पास कोई दस्तावेज नहीं हैं। लेकिन टाईम पत्रिका के अनुसार बहुत से ऐसे अफगानियों को भी कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है जिनके पास वैध दस्तावेज हैं। तालिबान के रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब ने 5 अक्टूबर को कहा, ''पाकिस्तान का अफगानियों को निष्कासित करने का फैसला अन्यायपूर्ण एवं अमानवीय है, और हम इसकी निंदा करते हैं"।

लेकिन पाकिस्तान को इस सबकी कोई परवाह नहीं है। उसे न तो अपनी छवि की चिंता है, न अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की नाराजगी की, न आईएमएफ के ऋण की, न तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से रिश्ते और तनावपूर्ण होने की। सरकार ने देश भर में कई निर्वासन केन्द्र स्थापित कर दिए हैं जिससे इस बात का संकेत मिलता है कि सरकार अफगानियों को पकडक़र वापिस भेजने के लिए कितनी गंभीर है। इस बीच पाकिस्तान की जनता भी कार्यवाहक 'कठपुतली नागरिक सरकार के इस निर्णय की सराहना और समर्थन कर रही है। कराची में पाकिस्तानी अफगानियों से बहुत कम दाम पर संपत्तियां खरीद रहे हैं।

तो आखिर जनरल आसिम मुनीर और उनके सहयोगियों की सेना यह क्यों कर रही है? जनता की लोकप्रियता दुबारा हासिल करने के लिए। औपचारिक तौर पर इसका कारण तहरीक–ए–तालिबान–पाकिस्तान (टीटीपी), जिसे पाकिस्तानी तालिबान भी कहा जाता है, की बढ़ती ताकत पर अंकुश लगाना बताया जा रहा है। यह सरकार के तख्तापलट का लक्ष्य लेकर चल रहे इस्लामिक संगठनों का एक समूह है। इनका संबंध अल–कायदा से है और इनकी निष्ठा अफगान तालिबान के प्रति है। तालिबान भले ही इसका खंडन करता है परन्तु यह भी सही है कि इन लड़ाकों को सुरक्षित शरणस्थल तालिबान की उपलब्ध करवा रहा है। तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर दुबारा काबिज होने के बाद से पाकिस्तान में टीटीपी की हिंसक गतिविधियों में बहुत बढ़ोत्तरी हुई है, विशेषकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में, जिनकी सीमा अफगानिस्तान से मिलती है। पिछले माह एक ही दिन में आत्मघाती हमलावरों द्वारा मस्जिदों पर किए गए दो अलग–अलग हमलों में 60 लोगों की मौत हुई। सरकार का कहना है कि टीटीपी में अफगानियों की संख्या बढ़ती जा रही है। उसका दावा है कि इस वर्ष हुए दो दर्जन से अधिक आत्मघाती बम विस्फोटों में से आधे से अधिक अफगानियों द्वारा किए गए थे।

लेकिन अफगानियों को हटा देने मात्र से टीटीपी खत्म नहीं होगा, ना ही आम जनता में सेना दुबारा लोकप्रियता हासिल कर पाएगी, यह बात जनरल मुनीर और सहयोगियों की समझ में नहीं आ रही है। उनका यह अनुमान पूरी तरह गलत है कि सारे अफगानियों को वापिस अफगानिस्तान भेजने से तालिबान सरकार पर दबाव पड़ेगा, उन्हें अक्ल आएगी और वे पाकिस्तान के साथ अधिक सहयोगपूर्ण रवैया अपनाएंगे। आखिकार तालिबान पाकिस्तान की वित्तीय सहायता से ही बना था!

जनरल मुनीर और उनके मातहतों का यह उम्मीद कि तालिबान पर नियंत्रण कर पाकिस्तान बड़ी शक्तियों, मुख्यतः अमरीका से सौदेबाजी करने की बेहतर स्थिति में होगा और इससे उसके घोर शत्रु भारत का अफगानिस्तान में प्रभाव कम होगा, हास्यास्पद है और पूरी तरह गलत साबित हुई है क्योंकि सत्ता पर दुबारा काबिज होने के बाद तालिबान ने पाकिस्तान के प्रति जरा सी भी कृतज्ञता या सम्मान प्रदर्शित नहीं किया है। हाल में प्रधानमंत्री पद से हटाए गए इमरान खान के समर्थन में पाकिस्तान में हुए प्रदर्शनों के बाद तालिबान के विदेश मंत्रालय ने बिना लागलपेट के कहा कि पाकिस्तान में राजनैतिक स्थिरता बनी रहनी चाहिए क्योंकि इससे पाकिस्तान और पूरे क्षेत्र को लाभ होगा। और अब निर्वासन की रणनीति अपनाकर पाकिस्तान ने तालिबान को नाराज कर दिया है। जनरल मुनीर को उम्मीद है कि 17 लाख अतिरिक्त लोगों का बोझ डालकर वे तालिबान को झुकने के लिए मजबूर कर पाएंगे और उसे टीटीपी को संयम बरतने की सलाह देने के लिए प्रेरित करेंगे। लेकिन इसका नतीजा होगा अधिक हिंसा और अधिक क्षेत्रीय अस्थिरता।

जहां तक पाकिस्तानी जनता का सवाल है, अर्थव्यवस्था जर्जर स्थिति में है। पाकिस्तान स्वयं एक डूबता हुआ जहाज है।

## राहुल अभी 12, तुगलक लेन में नहीं लौटे हैं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगता है कि अब अपने पुराने सरकारी आवास में नहीं लौटेंगे। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल हुए दो महीने से ज्यादा हो गए हैं। उसके बाद लोकसभा की हाउस कमेटी ने उनको फिर से 12, तुगलक लेन का मकान आवंटित कर दिया लेकिन राहुल उसमें रहने नहीं गए हैं। उन्होंने अपना कार्यालय भी वहां चालू नहीं किया है। वे अब भी अपनी मां सोनिया गांधी को आवंटित आवास 10, जनपथ से ही काम कर रहे हैं। वहीं पर उन्होंने अपना कार्यालय बनाया था। जब उनकी सदस्यता खत्म की गई थी तब खबर आई थी कि वे पूर्वी निजामुद्दीन में संदीप दीक्षित के मकान में अपना कार्यालय बना सकते हैं लेकिन उस बारे में भी खबर नहीं है।

ध्यान रहे राहुल गांधी को 12, तुगलक लेन का मकान 2004 में आवंटित हुआ था, जब वे पहली बार चुनाव जीत कर सांसद बने थे। उस समय उनको एसपीजी की सुरक्षा मिली हुई थी इसलिए बड़ा बंगला आवंटित हुआ। उसके बाद करीब 19 साल तक वे उसी बंगले में रहे। राहुल के कुछ करीबी लोगों के हवाले से कहा जा रहा है कि बंगला उनके लिए बहुत लकी नहीं रहा। हालांकि उस बंगले में जाने के बाद ही 2009 में कांग्रेस को ज्यादा बड़ी जीत मिली थी। बहरहाल, वास्तु दोष की जो भी बात हो उससे ज्यादा मैसेजिंग का मामला है।

# मृतकों का आंकड़ा 157 तक पहुंचा, भारत से आपातकालीन सहायता नंबर जारी



**काठमांडू, एजेंसी।** पश्चिमी नेपाल में भीषण भूकंप से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नेपाल पुलिस ने बताया कि भूकंप में मृतकों की संख्या बढ़कर 143 हो गई है। 100 से अधिक लोगों के घायल होने की भी सूचना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नेपाल में आए भूकंप के कारण कई घर ध्वस्त हो गए हैं।

शुक्रवार देर रात भूकंप के झटकों से कांपी धरती के बारे में नेपाली अधिकारियों ने बताया, रुकुम पश्चिम में 38 लोगों की मौत हो हुई है, जबकि जाजरकोट जिले में 105 लोगों की जान गई है। भूकंप के बाद से रेस्क्यू फोर्स बचाव अभियान में जुटी है। खबरों के

## पीएम ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया

मुताबिक नेपाल पुलिस ने 166 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है।

शनिवार देर शाम प्रधानमंत्री सचिवालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि नेपाल में भूकंप के बाद मृतकों का आंकड़ा 157 तक पहुंच चुका है।

घायलों की संख्या पर नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि कुल 161 लोगों की मौत हो चुकी है।भारत ने नेपाल में रहने वाले भारतीय भूकंप पीड़ितों के लिए एक आपातकालीन संपर्क नंबर जारी किया है। जिन लोगों को तत्काल सहायता की जरूरत है, वे आपातकालीन संपर्क नंबरः +977–9851316807 पर संपर्क कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी इस नंबर पर संपर्क कर भूकंप प्रभावित लोग मदद की अपील कर सकते हैं।बता दें, शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे नेपाल के पश्चिमी इलाके में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई है। वहीं, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड जाजरकोट पहुंच गए हैं। उन्होंने कल रात क्षेत्र में आए भूकंप से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। साथ ही, भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने भूकंप के कारण हुई जान–माल की हानि पर दुख व्यक्त किया है नेपाल गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टाराई ने कहा कि उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने देश में आए भूकंप को लेकर काठमांडू में एक बैठक की। बैठक में कुछ फैसले लिए गए। बिजली आपूर्ति और संचार व्यवस्था फिर से शुरू करने का भी फैसला किया गया। इसके अलावा, नेपाल टेलीकॉम को प्रभावित क्षेत्रों में आने वाले पांच दिनों के लिए अपनी सेवाएं मुफ्त करने का आदेश दिया गया है।

नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप मापन केंद्र के अधिकारियों के अनुसार, रात 11.47 बजे भूकंप आया, जिसका केंद्र जाजरकोट में जमीन के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का असर भारत और चीन में भी महसूस किया गया। भारत में भी करीब 40 सेकंड तक झटके महसूस किए गए।

## काठमांडू में सड़कों पर डरे सहमे दिखे लोग

वहीं, नेपाल की राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। जाजरकोट काठमांडू से लगभग 500 किलोमीटर पश्चिम में है। भूकंप का झटका महसूस होते ही काठमांडू में लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। इस दौरान लोग सड़कों पर डरे सहमे दिखे।

### प्रधानमंत्री लेंगे भूकंप प्रभावित इलाकों का जायजा

वहीं, उन्होंने देश के भूकंप प्रभावित इलाकों का दौरा करने का फैसला लिया है।

मीडिया में आई खबरों के मुताबिक भूकंप प्रभावित इलाकों में हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री प्रचंड दौरे पर रवाना हुए। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' भूकंप प्रभावित लोगों से मिलने जाजरकोट पहुंचे। अधिकारियों को नेपालगंज हवाई अड्डे के हेलीपैड और सैन्य बैरक के पास एम्बुलेंस तैनात करने के लिए कहा गया है।

# सिंगर से रेप मामले में पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को 15 साल की सजा, 1 लाख रुपए जुर्माना

**भदोही, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की एक विशेष अदालत ने बलात्कार के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को 15 साल के कारावास और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बाहुबली विजय मिश्रा को एमपी/एमएलए कोर्ट ने शनिवार को सजा का एलान किया। राज्य सरकार की ओर से बहस करने वाले अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार बिंद ने ने बताया कि आज सुबह 11 बजे मामले की सुनवाई कोर्ट में शुरू हुई, जिसके लिए सुबह 10 बजे विजय मिश्रा को भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट ले जाया गया था। कोर्ट के बाहर भी काफी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।

गौरतलब है कि इसी मामले में मिश्रा के बेटे विष्णु मिश्रा और नाती विकास मिश्रा उर्फ ज्योति मिश्रा को भी आरोपी बनाया गया था लेकिन कोर्ट ने दोनों को



साक्ष्य के अभाव मे दोषमुक्त करार दे दिया है। साल 2020 में वाराणसी की एक गायिका ने विजय मिश्रा, उसके पुत्र विष्णु मिश्रा व नाती विकास मिश्रा उर्फ ज्योति मिश्रा के खिलाफ बलात्कार का मामला गोपीगंज कोतवाली में दर्ज कराया था।

आरोप है कि साल 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान विजय मिश्रा ने अपनी बेटी सीमा मिश्रा के चुनाव प्रचार के लिए गायिका को बुलाया था। इसके बाद विजय मिश्रा ने गायिका को अपने आवास पर बुलाया और उनके साथ रेप किया। इतना ही नहीं, गायिका ने यह भी आरोप लगाया था कि इसके बाद विजय मिश्रा के बेटे विष्णु मिश्रा और नाती विकास मिश्रा उर्फ ज्योति उसे वाराणसी छोड़ने जा रहे थे। इस दौरान उन दोनों ने भी उसके साथ रेप किया।

मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम एमपीएमएलए सुबोध सिंह की अदालत ने विजय मिश्रा को दोषी करार दिया जबकि उसके बेटे विष्णु मिश्रा और नाती विकास मिश्रा उर्फ ज्योति मिश्रा को दोषमुक्त कर दिया। विजय मिश्रा पर एक लाख 10 हजार रुपए अर्थदंड से माननीय न्यायालय ने दंडित किया है। न्यायालय ने धारा 376 मामले में 15 साल व धारा 506 में दो वर्ष की सजा सुनायी है। तीन साल से केस की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। विजय मिश्रा पर कुल 83 मामले चल रहे हैं। न्यायालय के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के माकूल इंतजाम किये गए थे।

# 36 पत्रकारों की मौत, फिलिस्तीन–इजरायल संघर्ष की कवरेज के दौरान रॉकेट हमलों में गई जान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फिलिस्तीन–इजरायल संघर्ष के दौरान मीडिया कवरेज के समय रॉकेट हमलों में कम से कम 36 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गए हैं। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) ने एक बयान में यह जानकारी दी है। सीपीजे ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि 07 अक्तूबर को दोनों पक्षों की ओर से युद्ध शुरू होने के बाद से शुक्रवार तक अनुमानित 10,000 लोग मारे गए हैं, जिनमें कम से कम 36 पत्रकार और मीडिया कर्मी शामिल थे। गाजा और वेस्ट बैंक में 9,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और इजराइल में 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं। सीपीजे ने बताया कि मारे गए 36 मीडियाकर्मियों में 31 फिलीस्तीनी पत्रकार शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि तीन नवंबर तक 36 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों की मौत की पुष्टि की गई है, जिनमें से 31



फिलिस्तीनी, चार इजरायली और एक लेबनानी पत्रकार है और अन्य आठ पत्रकारों के घायल होने की सूचना मिली है। इसके अलावा तीन पत्रकार लापता बताए गए है और आठ पत्रकारों की गिरफ्तारी की भी रिपोर्ट समाने आ रही थी। गौरतलब है कि 07 अक्तूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ भारी पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया।

हमास के लड़ाकों ने इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या की और 250 से अधिक लोगों का अपहरण कर उनको बंधक बनाया।

# बागी नेताओं के खिलाफ कांग्रेस हुई सख्त, 39 को पार्टी से किया निष्कासित

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले 39 नेताओं के खिलाफ आज सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। प्रदेश कांग्रेस की ओर से मुहैया करायी गई जानकारी के अनुसार इन नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर कांग्रेस की सदस्यता से निष्कासित किया गया है। ये नेता कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय या अन्य दलों के टिकट



पर चुनाव लड़ रहे हैं।

इन नेताओं में श्योपुर से श्रीमती दुर्गेश नंदिनी, सुमावली से कुलदीप सिंह सिकरवार, पोहरी से प्रद्युमन वर्मा, गुना से हरिओम खटीक, जतारा से आर.आर. बंसल, निवाड़ी से रजनीश पटेरिया, खरगापुर से अजय सिंह यादव, खरगापुर से ही प्यारेलाल सोनी, महाराजपुर से अजय दौलत तिवारी, चंदला से पुष्पेन्द्र अहिरवार, छतरपुर से दीलमणि सिंह, मलहरा से डॉ. करण सिंह लोधी, हटा से अमोल चौधरी और भगवानदास चौधरी तथा पवई से श्रीमती रजनी यादव शामिल हैं।

इसके अलावा नागोद से यादवेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक, सेमरिया से दिवाकर द्विवेदी, देवतालाब से श्रीमती सीमा जयवीर सिंह, पुष्पराजगढ़ नर्मदा सिंह, मुड़वारा संतोष शुक्ला, बरगी जयकांत सिंह, सीहोरा डॉ.संजीव वरकड़े, डिंडोरी से रूदेश परस्ते, बालाघाट से अजय विशाल बिसेन, गोटेगांव शेखर चौधरी, आमला से सदाराम झारबड़े, शमशाबाद से श्रीमती राजकुमारी केवट, भोपाल उत्तर से आमीर अकील और नासिर इस्लाम, सुसनेर जीतू पाटीदार, कालापीपल चतुर्भुज तोमर, पानसेमल रमेश चौहान, जोबट सुरपाल अजनार, धरमपुरी श्रीमती राजूबाई चौहान, धार कुलदीप सिंह बुंदेला, महू अंतर सिंह दरबार, बड़नगर राजेन्द्र सिंह सोलंकी, आलोट प्रेमचंद गुड्डू,पूर्व सांसद, मल्हारगढ़ श्यामलाल जोकचंद और बहोरीबंद से शंकर महतो को पार्टी की सदस्यता से निष्कासित किया गया है।

# मणिपुर पुलिस की छापेमारी, अत्याचार के कारण सैकड़ों आदिवासी घर छोड़कर भाग गए

**इंफाल ,एजेंसी ।** मणिपुर में कई आदिवासी संगठनों और 10 आदिवासी विधायकों ने दावा किया कि म्यांमार की सीमा से लगे इलाकों में पुलिस कमांडो के तलाशी अभियान, गैर–पेशेवर आचरण के अत्याचारों और अमानवीय ज्यादतियों के कारण डर की वजह से सैकड़ों पुरुष, महिलाएं और बच्चे टेंग्नौपाल जिले के मोरेह स्थित अपने गांव छोड़कर चले गए हैं।

# टाइगर 3 का नया प्रोमो जारी, सलमान खान और इमरान हाशमी के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत



सलमान खान की अगली फिल्म टाइगर 3 का नया और धमाकेदार प्रोमो रिलीज हो चुका है, जिसमें इस बार विलेन के रोल में आतिश यानी इमरान खान टाइगर को धमकी देते दिख रहे हैं।

फिल्म रिलीज से बस कुछ दिनों की दूरी पर मेकर्स ने फैंस उत्सुकता को और भी ज्यादा तेज करने के लिए फिल्म की नई झलक सबके साथ शेयर की है. इस धमाकेदार प्रोमो की शुरुआत इमरान के फिल्म में निभा रहे किरदार बोल रहे हैं, अब मेरी बारी है, दुनिया के नक्शे से हिन्दुस्तान का वजूद ही मिटा दूंगा मैं, वादा करता हूं टाइगर. इसके बाद टाइगर और जोया के धमाकेदार एक्शन सीन्स करते नजर आ रहे हैं. इमरान इस रोल में काफी अलग और दमदार दिख रहे हैं, उनका लुक किसी खूंखार विलेन से कम नहीं लग रहा है.सलमान खान और कटरीना कैफ को तो टाइगर और जोया की भूमिका में आपने देखा ही होगा पर इस बार इमरान का किरदार आपके होश उड़ा देगा. पहली बार विलेन की भूमिका अदा करने वाले इमरान हाशमी क्या कमाल करने के लिए तैयार हैं, दर्शक भी इमरान के वीलेन वाले अंदाज को देखने के लिए काफी एक्साइटमेंट हैं. प्रोमो में इमरान के देश को बर्बाद करने के खतरनाक इरादे साफ नजर आ रहे हैं. प्रोमो देख कर लग रहा है टाइगर और इमरान के किरदार के बीच जमकर एक्शन होने वाला है.

फिल्म का प्रोडक्शन यश राज फिल्म कर रही है और टाइगर फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म है.

फिल्म का डायरेक्शन मनीष शर्मा कर रहे हैं. फिल्म दिवाली के मौके यानी 12 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी. इसी के साथ ये भी बताया गया है कि फिल्म का पहला शो सुबह 7 बजे रखा जाएगा ताकि सिनेमाघरों में एक्टर के फैन्स दिवाली के त्योहार पर भरपूर लुत्फ उठा सकें.

# बॉक्स ऑफिस पर 7वें दिन विक्रांत मैसी की 12वीं फेल की कमाई जारी, कंगना की तेजस हो गई बेदम



विक्रांत मैसी की हालिया रिलीज फिल्म 12वीं फेल बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार कर रही है. ये फिल्म कंगना की तेजस के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. दोनों ही फिल्मों की ओपनिंग काफी सुस्त रही थी लेकिन फिर मैसी की फिल्म ने वीकेंड पर उड़ान भरी और कंगना की तेजस को पीछे छोड़ दिया. फिलहाल ह्य12वीं फेलह्न करोड़ों में कमाई कर रही है जबकि तेजस की लाखों कमाने में भी हालत बुरी हो रही है. चलिए यहां जानते हैं ह्य12वीं फेलह्न ने रिलीज के 7वें दिन यानी गुरुवार को कितनी कमाई की है.

विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म 12वीं फेल को दर्शकों और क्रिटिक्स से अच्छा रिव्यू मिला है. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाई हुई है और इसी के साथ ये अच्छी खासी कमाई भी कर रही है. इतना ही नहीं 12वीं फेल माउथ पब्लिसिटी से तारीफें बटोर रही है. गौरतलब है कि इस फिल्म ने रिलीज के छह दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर लगभग 11.74 करोड़ रुपये की कमाई की. वहीं अब फिल्म की रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के 7वें दिन 12.70 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी देखी और अपने कलेक्शन में 1.40 करोड़ रुपये और एड कर लिए. इसी के साथ 12वीं फेल की एक हफ्ते यानी 7 दिनों की कुल कमाई अब 13.14 करोड़ रुपये हो गई है. 12वीं फेल बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है और ये करोड़ों में कलेक्शन कर रही है. फिल्म ने अपनी रिलीज के 7 दिनों में 13 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है. वहीं मेकर्स को इसके कलेक्शन में वीकेंड पर फिर उछाल आने की उम्मीद है. कहा जा रहा है कि फिल्म जल्द ही 20 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी. फिलहाल सभी की निगाहें 12वीं फेलह्न के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर टिकी हुई हैं. विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित, 12वीं फेल एक आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा की कहानी बताती है, जो बेहद चैलेंजिंग कंपटीटिव एग्जाम यूपीएससी में भाग लेकर फिर से अपनी एजुकेशन जर्नी शुरू करने का फैसला करता है.

# ऋ तिक रोशन की फाइटर में नजर आएंगी संजीदा शेख, निभाएंगी अहम भूमिका



ऋ तिक रोशन पिछले काफी समय से अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म फाइटर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।आए दिन फिल्म को लेकर तरह-तरह की जानकारी सामने आती रहती है।ताजा खबर यह है कि बॉलीवुड और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री संजीदा शेख भी फाइटर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।फिल्म में वह एक ऐसा किरदार निभाने वाली हैं, जिससे फाइटर की कहानी और दिलचस्प हो जाएगी।फाइटर से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि फिल्म में संजीदा एक रोमांचक भूमिका है।दीपिका और ऋतिक अभिनीत इस फिल्म में उनकी अहम भूमिका है। उनका योगदान फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर ले जाएगा।फाइटर अगले साल 25 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म को हिंदी समेत तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया जाएगा।इसका का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है तो वहीं फाइटर यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

संजीदा ने साल 2003 में आई फिल्म बागबान के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।वह तमिल, कन्नड़ और पंजाबी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।मैं ते बापू, काली खुही, अश्के, पंख, शुभम् और अन्य उनकी चर्चित फिल्मों में शामिल है।संजीदा इसके अलावा टीवी शो में भी काम कर चुकी हैं, जिसमें क्या होगा निम्मो का, क्या दिल में है, सपना बाबुल का... बिदाई और पिया का घर प्यारा लगे शुमार हैं।

# द आर्चीज का दूसरा गाना जारी, सुहाना खान समेत सभी सितारों ने किया शानदार डांस

जोया अख्तर द्वारा निर्देशित फिल्म द आर्चीज का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है।इस फिल्म के जरिए तमाम स्टारकिड्स अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं, जिसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा, जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान का नाम शामिल है।सुनोह के बाद अब द आर्चीज का दूसरा गाना वा वा वूम रिलीज हो चुकी है, जिसमें सभी सितारे जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं।

वा वा वूम के बोल जावेद अख्तर ने लिखे हैं।जोया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर गाना साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, तुम बिल्कुल वा वा वूम हो।द आर्चीज 7 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें मिहिर आहूजा, वेदांग रैना और युवराज मेंडा भी अहम भूमिकाओं में हैं।फिल्म द आर्चीज भारत के 1960 के दशक की पृष्ठभूमि दिखेगी। इसकी कहानी किशोरों (टीनेज) पर है, जो कुछ दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है।जोया ने कहा, वा वा वूम एक क्लासिक आर्ची कॉमिक शब्द है। जिस लड़की को वह पसंद करता है, उसका वर्णन करना है। यह कहने का एक तरीका कि वह अच्छी है। यह गाना 60 के दशक के रॉक एन रोल युग की ऊर्जा को समाहित करता है और प्रेम को रोमांटिक बनाता है।



हिप-स्विंग नंबर शंकर-एहसान-लॉय द्वारा रचित है। इसके गीतकार जावेद अख्तर हैं और तेजस मेनन द्वारा इसे गाया गया है।

संगीत वीडियो के अनुसार वा वा वूम रॉक एंड रोल धुनों का जश्न मनाता है, जिसमें डॉट (अदिति), अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर, मिहिर आहूजा, सुहाना खान, वेदांग रैना और युवराज मेंडा सुर्खियों में हैं।

वा वा वूम की रचना के बारे में बात करते हुए, संगीतकार शंकर-एहसान-लॉय ने संयुक्त रूप से कहा, गीत के पीछे की रचनात्मक प्रक्रिया वास्तव में रोमांचक थी। हम एक डांस नंबर बनाना चाहते थे जो तुरंत किसी को भी डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर दे।

आगे कहा, हमारी रचना, तेजस मेनन के स्वर और जावेद अख्तर के गीत सभी एक सहयोगात्मक प्रयास के रूप में एक साथ आए। वा वा वूम आपको 1960 के दशक के मूडी रॉक एंड रोल युग में वापस ले जाता है। हमने उस युग के सार को प्रभावी ढंग से पकड़ने की कोशिश की है और गाने पर दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हैं।

# आर्या मेरा बेस्ट काम नहीं है, अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी हैः सुष्मिता सेन

सुष्मिता सेन ने खुलासा किया है कि वेब सीरीज आर्या उनका बेस्ट काम नहीं है। उनके पास दर्शकों को पेश करने के लिए और भी बहुत कुछ है।

सुष्मिता सेन एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्हें अपने शो आर्या के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपने एक्टिंग स्किल्स को दिखाने का शानदार मौका मिला है। टीम के दो शानदार सीजन रहे हैं और अब वे अपने तीसरे सीजन के साथ वापस आ गई हैं, जो 3 नवंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुआ।

एक्ट्रेस ने अपने तीसरे सीजन के साथ आने वाले शो के बारे में बात की, इसका उनकी फिल्मोग्राफी पर क्या प्रभाव पड़ा है और भी बहुत कुछ।

उन्होंने कहा, सब कुछ। मेरे पास राम माधवानी जैसा इंस्टिट्यूट था, जो मुझे एक फिल्म के 40 दिन से अधिक नहीं बल्कि तीन सीजन के 60-60-60 दिन और आने वाले समय के बारे में सिखाते थे। एक कलाकार के तौर पर मैं बड़ी हुई हूं। लेकिन अगर आप कहें कि यह मेरा बेस्ट काम है, तो मैं कहूंगी नहीं। अभी बहुत कुछ आना बाकी है। इसने मेरे अंदर एक कलाकार की प्यास को फिर से जगा दिया है। मुझे ऐसे महान अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला, जिनके साथ आप उचित तैयारी के बिना काम नहीं कर सकते। मेरे पास कई हिट गाने, हिट फिल्में थीं, लेकिन मेरे जीवन में कभी आर्या नहीं थी। इसने मेरी फिल्मोग्राफी में बहुत कुछ जोड़ा है।



शो के तीसरे सीजन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, हमें पहले दो सीजन के लिए बहुत प्यार मिला है। यही वजह है कि हम सीजन 3 लेकर आए हैं। हमने बहुत ईमानदारी से एक कहानी कही है। हम तीसरे सीजन के लिए बहुत उत्साहित हैं। हमें पहले दो सीजन के लिए बहुत प्यार मिला है। यही कारण है कि हम सीजन 3 लेकर आए हैं। हमने बहुत ईमानदारी से एक कहानी कही है। हम तीसरे सीजन् के लिए बहुत उत्साहित हैं।

ओटीटी द्वारा लाए गए बदलाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं ओटीटी की बहुत बड़ी फैन हूं। इसने मुझे किरदारों को निखारने का समय दिया है। इसने हमें लोगों के घरों तक पहुंचाया, जहां वे कभी भी और कहीं भी हम पर नजर रख सकते हैं। हम देश ही नहीं विश्व स्तर पर अपने काम का प्रदर्शन कर सकते हैं। आर्या सीजन 3, 3 नवंबर को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हुई।


जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com